A-401 कक्षा : 12वीं

# हिन्दी (विशिष्ट) 2017

समय : 3 घण्टे] [ पूर्णांक : 100

निर्देश- (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुष्ठि प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये 5 अंक आवंटित हैं, उपप्रश्न पर 1 अंक आवंटित हैं।

(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न के लिये 2-2 अकं आवंटित हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिये।

(4) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिये 3-3 अंक आवंटित हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 से 75 शब्दों में लिखिये।

(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक के लिये 4-4 अंक आवंटित हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिये।

(6) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिये 5-5 अंक आवंटित हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिये।

(7) प्रश्न क्रमांक 28 के लिये 10 अंक (7+3) आवंटित हैं, शब्द सीमा लगभग 250 शब्द है।

प्रश्न 1. निम्नलिखित वाक्यों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिए- 1×5= 5

(अ) इन्द्रधनुष आकाश में किस ऋतु में दिखाई देता है-

(1) शरद (2) शीत (3) वर्षा (4) ग्रीष्म

(ब) ‘खेल’ कहानी में मनोहर की उम्र लगभग कितने वर्ष है-

(1) आठ (2) सात (3) दस (4) नौ

(स) 'प्रताप' पत्र किस शहर से प्रकाशित होता था-

(1) अजमेर (2) कानपुर (3) लखनऊ (4) सीतापुर

(द) दुर्मिल सवैया में वर्णों की संख्या होती है-

(1) छब्बीस (2) अट्टाईस (3) बत्तीस (4) चौबीस

(इ) 'कपड़ा' शब्द का पर्यायवाची क्या है-

(1) वसन (2) कनक (3) पाहन (4) पावन

प्रश्न 2. उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये 1×5 = 5

(अ) लताजी के गायन की मुख्य विशेषता उनका ......... है। (गानपन/नादपन)

(ब) अच्छे अध्यक्ष प्रमुख वक्ता से .............होते है। (सहमत/असहमत)

(स) कबीर ने............ की संगति करने को कहा है (भगवान/साधु)

(द) 'दाल न गलना' मुहावरे का अर्थ ..........है। (सफल न होना/ दाल न सीजना)

(इ) वीभत्स रस का स्थायी भाव ..........है। (निर्वेद/जुगुप्सा)

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिये- 1×5 = 5

(अ) भय किन दो रूपों में हमारे सामने आता है?

(ब) विश्वास में विष घोलने का काम किसने किया था? http:/

(स) किस विषय पर कविता लिखने पर लेखक रामकुमार वर्मा को 51 रू. का पुरस्कार प्राप्त हुआ था?

(द) मालवी बोली मध्यप्रदेश के किन-किन जिलों में बोली जाती है? कोई दो- जिलों के नाम लिखिये।

(इ) जहाँ किसी अन्य व्यक्ति या वस्तु को लक्ष्य में रखकर किसी अन्य से कोई बात कही जाये वहाँ कौन सा अलंकार होता है?

प्रश्न 4. स्तंभ 'क' से 'ख' का मिलान कर सही जोड़ी बनाइये- 1×5 = 5

| | 'क' | 'ख' |
|---|---|---|
| (अ) | मंगल वर्षा | इच्छावाचक |
| (ब) | तुम यहाँ आओ | रामदरश मिश्र |
| (स) | पंचवटी | शिवप्रसाद सिंह |
| (द) | रंगोली | खण्डकाव्य |
| (इ) | छोट-छोटे सुख | आज्ञावाचक भवानी प्रसाद मिश्र महाकाव्य |

प्रश्न 5. निम्नलिखित वाक्यों के लिए सत्य/असत्य का चयन कीजिये 1×5=5

(अ) निरपराधी को दण्ड देना अनुचित है

(ब) महाकाव्य में संपूर्ण जीवन का चित्रण होता है।

(स) गजाधर बाबू की बड़ी बेटी का नाम शांति था।

(द) कवि ने द्वीप को पर्वत का पुत्र कहा है।

(इ) नैनो टेक्नोलाजी शब्द की उत्पत्ति ग्रीक भाषा के शब्द नैनो से हुई है।

प्रश्न 6. बहन को भाई का ध्रुव तारा क्यों कहा है? । 2

(अथवा) कबीर ने शब्द की क्या महिमा बताई है?

प्रश्न 7. धरती और बसंत का आपस में क्या नाता है? 2

(अथवा) रत्नाकर की गोपियों के मन में कौन बसा है।

प्रश्न 8. सुरलोक में देवगण किसका वंदन कर रहे हैं? 2

(अथवा) कवि वीरेन्द्र मिश्र ने भारत माता की जय-जयकार का आह्ववान किससे किया हैं?

प्रश्न 9. विघ्न बाधायें कब मार्ग छोड़ देती हैं? 2

(अथवा) मीरा को हरि से मिलने में क्या-क्या कठिनाईयाँ हैं?

प्रश्न 10. कवि 'सरल' ने युवाओं का आह्वान किस हेतु किया है? 2

अथवा) विभावरी के बीतने पर उषा नागरी क्या कर रही है?

प्रश्न 11. घर जाने की खुशी के बाद भी गजाधर बाबू का मन दुःखी क्यों था? 2

अथवा) रेवती के चरित्र की दो विशेषताएँ लिखिये।

प्रश्न 12. अध्यक्ष को गंभीर किस्म का प्राणी क्यों कहा है? 2

अथवा) यशोधरा मृत्यु को आकर्षक क्यों मान रही है?

प्रश्न 13. अर्जुन ने अकेले ही किन-किन के दाँत खट्टे कर दिये थे? 2

अथवा) भाड़ तोड़ने पर पश्चाताप स्वरूप मनोहर ने सुरों से क्या कहा?

प्रश्न 14. देवकी की गोद में कौन मचल रहा था? 2

अथवा) कवि जलज ने थक कर बैठने का निषेध क्यों किया है?

प्रश्न 15. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिये। 2

(अ) कठोर बनकर भी सहृदय बनो। (संयुक्त वाक्य)

(ब) मयर वन में नाचता है। (संदेहवाचक)

अथवा) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिये।

(अ) अपने मुँह मिया मिठ्ठू बनना (ब) दात खट्टे करना

प्रश्न 16. माधुर्य गुण की परिभाषा लिखिये। 2

(अथवा) वात्सल्य रस की परिभाषा लिखिये।

प्रश्न 17. उत्तराखण्ड के चारों धाम किन चार पवित्र नदियों के किनारे स्थित हैं? 3

(अथवा) 'आह् मेरा गो पालक देश' महादेवीजी ने निःश्वास छोड़ते हुए ऐसा क्यों कहा?

प्रश्न 18. मत्तगयंद छंद की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिये। 3

(अथवा) विभावना अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिये।

प्रश्न 19. भाषा और बोली में तीन अंतर लिखिये। 3

(अथवा) भाव विस्तार कीजिये

"जहाँ हार्दिक संबंध होता है,

वहाँ तर्क की गुंजाइश नहीं रहती''।

प्रश्न 20. छायावाद की चार विशेषताएँ लिखिये। 4

(अथवा) प्रगतिवाद की चार विशेषताएँ लिखिये।

प्रश्न 21. कहानी और उपन्यास में कोई चार अंतर लिखिये। 4

(अथवा) शुक्लोत्तर युग के निबंधों की चार विशेषताएँ लिखिये।

प्रश्न 22. तुलसीदास अथवा बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित विन्दुओं के आधार पर लिखिये-

(अ) दो रचनायें (ब) भाव पक्ष- कला पक्ष (स) साहित्य में स्थान

प्रश्न 23. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल अथवा रामनारायण उपाध्याय का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिये-

(अ) दो रचनायें (ब) भाषा-शैली (स) साहित्य में स्थान

प्रश्न 24. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिये असल प्रकाश तो हमारे जीवन में छिपा हुआ है- सृजन का प्रकाश। आदमी का आचरण, आदमी का शील, आदमी का श्रम, आदमी का विवेक और आदमी की भावना जिसे छू लें, वह प्रकाशित हो जाये। बड़े बड़े अंधेरों को तराश कर ये प्रकाश निर्झर बहा दें। जवारों जैसे पीताभ गेहूँ के पौधे क्या संदेश नहीं देते कि सृजन की यात्रा कभी रूकती नहीं? उसे अंधेरे बंद कमरों में भी नहीं रोका जा सकता।

(अथवा)

रंगों के आधार पर ऋतुओं का रूप साकार हो जाता है। पाटल संसर्ग से सुरभित वायु की लालिमा, तप्त कांचन वर्ण सूर्य की प्रखरता और 'परिणाम रमणीय दिवस' की लाल सांझ अपनी लालिमा में गर्मी को खड़ा कर देती है। काले मतवाले हाथी पर सवार विद्युत झण्डियों वाले वर्षाराज को देखते ही इन्द्रधनुष आँखों में छा जाता है।

प्रश्न 25. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिये- 4

छोड़ देंगी मार्ग तेरा विघ्न बाधाएँ सहम कर

काल अभिनंदन करेगा आज तेरा समय सादर।

गगन गायेगा गरजकर गर्व से तेरी कहानी

वक्ष पर पद चिन्ह लेगी धन्य हो धरती पुरानी

कर रहा तू गौरवोज्ज्वल त्यागमय इतिहास निर्मित

विजय तेरी है सुनिश्चित

(अथवा) बड़े न हुजे गुननि बिन, बिरद बड़ाई पाय।

कहत धतूरे सों कनक, गहनो गढ़ौ न जाय।।

प्रश्न 26. निम्नांकित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये- 5

भारतीय संस्कृति में पर्वो का अत्यधिक महत्व है। पर्व किसी भी संस्कृति के वह अंग है, जिनके बिना वह संस्कृति अधूरी रह जाती है। पर्व हमें ऐसा अवकाश प्रदान करते हैं कि जब हम अपने जीवन के विषय में अच्छा सोच सकते है। जीवन प्रवाह को सही दिशा देने वाले पर्व ही होते हैं। जीवन व्यवहार की समस्त कटुतायें भी पर्व के द्वारा ही समाप्त हो सकती हैं। पर्व जीवन में ऊर्जा उद्दीप्त करते हैं, रिश्तों में मधुर रस घोलते हैं, प्रेम और करूणा की सदभावना जीवन में नियोजित करते हैं, ज्ञान, आचरण, विश्वास को परिमार्जित करने का प्रयास करते हैं अतः सभी धार्मिक, राष्ट्रीय पर्वो को उल्लास के साथ मर्यादा में रहकर मनाना चाहिए।

प्रश्न (अ) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिये।

(ब) जीवन प्रवाह को सही दिशा कौन देता है। (स) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिये।

प्रश्न 27. सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल को 12वीं की अंकसूची की द्वितीय प्रति मंगवाने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिये। 5

(अथवा)

नगर निगम अध्यक्ष को शिकायती पत्र लिखिये जिसमें मोहल्ले की नियमित सफाई न होने की बात कही गई हो।

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिये- 7

(1) समय का सदुपयोग (2) परोपकार

(3) जीवन में खेलों का महत्व (4) भारतीय समाज में नारी का स्थान

(ब) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिये- 3

(1) अनुशासन का महत्व (2) जल ही जीवन है

(3) राष्ट्रीय एकता (4) साहित्य और समाज